<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–11 ***फरवरी*** 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने प्रयागराज महाकुंभ के पवित्र त्रिवेणी संगम में किया स्नान, देश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की, कहा–महाकुंभ श्रद्धा और विश्वास का विशाल समागम।
- प्रयागराज महाकुंभ में कल होने वाले माघ पूर्णिमा स्नान में आ रहे करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की बैठक, भ्रामक सूचना प्रसारित करने वालों पर कार्रवाई करने का दिया निर्देश।
- रेल मंत्री ने माघ पूर्णिमा के लिए रेलवे की तैयारियों की समीक्षा की, कहा–महाकुंभ क्षेत्र के आठ स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए किये गये हैं व्यापक प्रबंध।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के आठवें संस्करण में देश भर के विद्यार्थियों से किया संवाद, स्वास्थ्य और पोषण पर बातचीत के साथ बच्चों के समग्र विकास पर दिया जोर।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल प्रयागराज महाकुंभ के त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने संगम पर पूजा–अर्चना की। उनके साथ प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। हमारे संवाददाता ने बताया कि यात्रा के दौरान राष्ट्रपति ने शहर में कई सांस्कृतिक और तकनीकी स्थलों का दौरा किया। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु ने त्रिवेणी संगम तक पहुँचने के लिए नाव की सवारी की और साइबेरियाई पक्षियों को दाना डाला। राष्ट्रपति प्रयागराज में अक्षय वट और बड़े हनुमान मंदिर भी गईं, जहाँ उन्होंने देश की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। राष्ट्रपति मुर्मु ने डिजिटल महाकुंभ एक्सपीरियंस सेंटर का भी दौरा किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की धार्मिक आयोजनों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की पहल का समर्थन किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि श्रद्धा और विश्वास का यह विशाल समागम भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अदभूत और जीवंत प्रतीक है। राष्ट्रपति मुर्मु के अलावा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी अपने परिवार के साथ महाकुंभ में पवित्र स्नान किया और पूजा–अर्चना की। उन्होंने 2027 में होने वाले हरिद्वार के कुंभ की तैयारियों के बारे में बात भी की और कहा कि इसे प्रयागराज की तरह ऐतिहासिक और सुव्यवस्थित बनाने की योजना चल रही है। आकाशवाणी समाचार,के लिए आदर्श प्रयागराज।***

इस बीच, महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना जारी है। प्रदेश सरकार के अनुसार कल एक करोड़ सात लाख श्रद्धालुओं और दस लाख कल्पवासियों ने पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। तेरह जनवरी से लेकर कल रात आठ बजे तक चौवालिस करोड़ चौहत्तर लाख से अधिक श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके थे।

**********

प्रयागराज महाकुंभ से लौटने वाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में वाराणसी पहुंच रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***यह पहला मौका है जब फरवरी के पहले नौ दिन में ही करीब 50 लाख भक्तों ने बाबा का दर्शन किया है। मंदिर प्रशासन की ओर से जारी किए गए आंकड़े के अनुसार प्रतिदिन 4 से 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालु काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन कर रहे है।वही काशी के विभिन्न घाटों ,मठों में नागा साधु भी जम गए है। पौष पूर्णिमा 12 फरवरी को जूना अखाड़ा की तरफ से पेशवाई निकाली जाएगी। वहीं महाशिवरात्रि केदिन शाही सवारी निकाली जाएगी। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।***

अयोध्या जिले में भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और श्रीरामलला का दर्शन पूजन कर रहे हैं। भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने अयोध्या धाम के कक्षा बारहवीं तक के सभी बोर्ड के स्कूल चौदह फरवरी तक बंद रखने का आदेश दिया है। श्रंगेरी मठ के जगद्गुरू शंकराचार्य विधुशेखर भारती स्वामी महराज ने भी कल श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का दौरा किया। वह तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय के साथ कुबेर टीला भी गये।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में कल माघ पूर्णिमा स्नान होगा। इस स्नान के लिए प्रयागराज पहुंच रहे करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल सत्रह जिलों के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में जोन और रेंज में तैनात वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और मंडलायुक्त भी शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भ्रामक सूचना प्रसारित करने वालों पर कार्रवाई करने और लोगों तक सही जानकारियां पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नियम विरुद्ध एक भी वाहन मेला परिक्षेत्र में नहीं जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने साफ सफाई और सुरक्षा के बेहतर प्रबंध के साथ रेलवे और पड़ोसी जिलों से निरंतर समन्वय बनाए रखने को कहा। हमारे प्रतिनिधि ने बताया है कि माघ पूर्णिमा के साथ ही देश भर से आए दस लाख श्रद्धालुओं का कल्पवास भी कल समाप्त हो जाएगा।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने माघ पूर्णिमा स्नान के पहले कल दिल्ली स्थित वॉर रूम से प्रयागराज में रेलवे की तैयारियों का जायजा लिया। संवाददाताओं से बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि प्रयागराज संगम स्टेशन इस महीने की चौदह तारीख तक यात्रियों की आवाजाही के लिए बंद है, लेकिन अन्य आठ स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिये व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

***प्रयागराज महाकुंभ के अवसर पर आठ स्टेशन पर बहुत अच्छे से रेलवे का व्यवस्थित तरीके से काम चल रहा है। राज्य प्रशासन के साथ मेला प्रशासन के साथ मिल के एकदम कोआर्डिनेटेड वे में चल रहा है। जैसा आपने वॉर रूम के इसमें देखेंगे। कहीं पे कोई दिक्कत नहीं है। अगर कहीं पर कोई रुयूमर्स फैलाने की कोशिश करे तो उस पर ध्यान नहीं देना है। सब कुछ व्यवस्थित तरीके से चल रहा है।***

प्रदेश सरकार के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से भी स्पष्ट किया गया है कि महाकुंभ क्षेत्र के तहत आने वाले आठ स्टेशनों प्रयागराज छिवकी, नैनी, प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, प्रयाग, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग और झूंसी से नियमित ट्रेने चलाई जा रही हैं।

इस बीच, रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए संगम क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों पर तेरह हजार से अधिक रेलवे कर्मियों को तैनात किया गया है। उनकी सुरक्षा के लिए एक हजार दो सौ सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सीसीटीवी फीड की निगरानी के लिए सभी स्टेशनों पर नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। पांच स्तरों पर निगरानी की जा रही है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बच्चों से मौसमी फल खाने तथा जंक फूड और तैलीय भोजन से बचने का आग्रह किया। श्री मोदी ने कार्यक्रम के आठवें संस्करण में छात्रों से पोषण और स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में मोटे अनाज को सुपरफूड के रूप में जाना जाता है।

***2023 में यूनाइटेड नेशंस ने 2023 को ईयर ऑफ द मिलेट्स कहकर के घोषित किया था और पूरी दुनिया में मिलेट्स को प्रमोट किया था और यह भारत का प्रस्ताव था। भारत सरकार का बड़ा आग्रह है कि पोषण के संबंध में बहुत ही जागरूकता होनी चाहिए। कई बीमारियों को रोकने का काम पोषण से हो जाए और मिलेट्स को क्या कहते हैं हमारे यहां, सुपर फूड कहते हैं।***

श्री मोदी ने मानव शरीर के लिए सूर्य के प्रकाश के महत्व पर भी बल दिया। उन्होंने बच्चों को सुबह कुछ मिनट के लिए सूरज की रोशनी में रहने की आदत डालने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री मोदी ने बच्चों को केवल अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे उन्हें दबाव से उबरने में मदद मिले। पढ़ाई के साथ शौक को संतुलित करने के साथ साथ उन्होंने बच्चों के समग्र विकास के महत्व पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के उन्नाव जिले की छात्रा अनन्या बाथम को प्रधानमंत्री से सीधा संवाद करने का मौका मिला। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्रदेश भर के विभिन्न स्कूलों में देखा गया।

**********

**अड़तीसवें राष्ट्रीय** खेलों में प्रदेश को अभी तक अड़तीस पदक प्राप्त हुए हैं। प्रदेश की टीम बारह स्वर्ण, बारह रजत और चौदह कास्य पदक अब तक जीत चुकी है। इन खेलों में प्रदेश की अनुष्का यादव ने बासठ दशमलव आठ नौ मीटर की हैमर थ्रो के साथ नया राष्ट्रीय खेल रिकॉर्ड भी बनाया है।

**********

सिपाही नागरिक पुलिस के लगभग साठ हजार पदों पर भर्ती के लिए दौड़ की परीक्षा कल से शुरू हो गई है। सत्ताईस फरवरी तक चलने वाली इस परीक्षा में रोजाना करीब दस हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे।

**********